**छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद्, रायपुर**
कार्यालय – शासकीय फार्मेसी भवन, प्रथम तल, जीई रोड, रायपुर
492010 (छत्तीसगढ़) फोन एवं फैक्स 0771 – 2263165
**वेबसाईट** - www.cgaupcb.in, **ई–मेल** - registrar@cgaupcb.in, cgaupcbregistrar@gmail.com

---

क्रमांक–01 / निर्वाचन / 2026 / 1059 रायपुर, दिनांक 08/08/2026

## –: सूचना :–

परिषद् को यह शिकायत प्राप्त हुई है कि तृतीय परिषद् गठन हेतु संभागीय प्रतिनिधि निर्वाचन के कुछ चुनावी अभ्यर्थियों अथवा उनके समर्थकों द्वारा मतदाताओं को यह कहकर प्रभावित किया जा रहा है कि मतगणना के दौरान उन्हें पता चल जाएगा कि किस मतदाता द्वारा किस प्रत्याशी को वोट किया गया है। इस संबंध में उनके द्वारा मतपत्र में अंकित क्रमांक को आधार बनाया जा रहा है। इस प्रकार के दुष्प्रचार द्वारा संबंधित मतदाताओं से मतदान वापसी लिफाफा ( B ) लेने की कोशिश की जा रही है।

2/– उपरोक्त के संबंध में समस्त मतदाता अवगत होवें कि मतगणना के पूर्व ही निर्वाचन पदाधिकारी एवं चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मतपत्र में अंकित क्रमांक को काटकर पृथक कर दिया जावेगा। इस प्रक्रिया के बाद ही मतगणना की कार्यवाही की जाएगी। तदानुसार यह स्पष्ट है कि मतगणना के दौरान किसी भी उम्मीद्वार अथवा उसके प्रतिनिधि को यह ज्ञात नहीं हो पाएगा कि किस मतदाता द्वारा किस प्रत्याशी को मत अंकित किया गया है। सभी मतदाता चिकित्सकों से अपील है कि वे बिना किसी भय या प्रलोभन के निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान करें। यह भी अनुरोध है कि हर मतदाता उन्हें प्रेषित मतपत्र में मत अंकित कर मतदान लिफाफा (B) को स्वयं रजिस्टर्ड डाक के द्वारा परिषद् कार्यालय को प्रेषित करें।

(डॉ. संजय शुक्ला)
निर्वाचन पदाधिकारी / रजिस्ट्रार
छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा
पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद्, रायपुर

***

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner